दिन– मंगलवार

दिनांक– 28 / 05 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।

अवधिः– 15 मिनट

---

01. लोकसभा चुनाव के सातवें चरण के लिए आठ लोकसभा क्षेत्रों में चुनाव प्रचार चरम पर। आरोप–प्रत्यारोप हुआ तेज।

02. भाजपा के वरिष्ठ नेता और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद, जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार ने चुनावी सभाओं को संबोधित किया।

03. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पर आरक्षण के नाम पर वोट बैंक की राजनीति करने का आरोप लगाया।

04. और, पटना लॉ कॉलेज के छात्र हर्ष राज की हत्या को लेकर उग्र प्रदर्शन। पुलिस ने हत्याकांड के मुख्य आरोपी चंदन कुमार को किया गिरफ्तार।

———————————————————————

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के लिए प्रचार अभियान चरम पर पहुंच गया है। इस चरण में राज्य के आठ संसदीय क्षेत्रों– नालंदा, पाटलिपुत्र, पटना साहिब, आरा, बक्सर, सासाराम, काराकाट और जहानाबाद सीटों पर एक जून को मतदान होना है। विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता और स्टार प्रचारक अपने–अपने उम्मीदवारों के समर्थन में लोगों को गोलबंद करने के लिए चुनावी सभा, रैली और रोड–शो कर रहे हैं। प्रचार के बीच आरोप–प्रत्यारोप का दौर भी तेज हो गया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज पटना साहिब के फतुहा और दीघा तथा आरा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के बरहरा में चुनावी सभा को संबोधित किया। श्री आदित्यनाथ ने फतुहा में जनसभा को संबोधित करते हुये कहा कि कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जम्मू–कश्मीर से अनुच्छेद तीन सौ सत्तर को समाप्त कर सही मायने में एक निशान, एक प्रधान और एक संविधान लागू किया है।

———बाईट———

श्री आदित्यनाथ ने दावा किया कि चार जून को एनडीए की सरकार बनेगी और सभी गरीबों को एक–एक घर दिया जायेगा।

———बाईट———

जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नालंदा संसदीय क्षेत्र के अस्थावां में एक जनसभा को संबोधित किया। श्री कुमार ने इसी संसदीय क्षेत्र में सरमेरा

से नगरनौसा तक एक रोड शो किया। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि राष्ट्रीय जनता दल की सरकार के समय बिहार विकास के मामले में अति पिछड़ा हुआ था।

---बाईट---

राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने आज बक्सर, सासाराम, जहानाबाद और पाटलिपुत्र निर्वाचन क्षेत्रों में कई जनसभाएं की। इस दौरान विकासशील इंसान पार्टी के प्रमुख मुकेश साहनी भी उनके साथ मौजूद रहे। वाम दलों के वरिष्ठ नेताओं ने भी इंडी गठबंधन के उम्मीदवारों के समर्थन में कई स्थानों पर रैलियों को संम्बोधित किया।

---------------------------------------

राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने दावा किया है कि चार जून के बाद देश में इंडी गठबंधन की सरकार बनेगी और भाजपा का सफाया हो जायेगा। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी चुनाव परिणाम के बाद फिर पलट सकते हैं।

---बाईट---

---------------------------------------

राजद नेता मनोज झा ने कहा है कि देश की राजनीति करवट ले रही है। उन्होंने कहा कि चार जून मतगणना के दिन से बदलाव होगा और वो बदलाव संविधान के पक्ष में होगा, युवाओं के रोजगार के पक्ष में होगा।

---बाईट---

---------------------------------------

चुनाव प्रचार में कई फिल्मी कलाकार भी शामिल हो रहे हैं। भोजपुरी कलाकार और गायक खेसारी लाल यादव ने आज काराकाट संसदीय क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी भोजपुरी अभिनेता पवन सिंह के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने लोगों के मनोरंजन के लिए अपने कई लोकप्रिय गीत भी सुनाये।

---------------------------------------

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस पार्टी पर आरक्षण के नाम पर वोट बैंक की राजनीति करने का आरोप लगाया है। एक समाचार एजेंसी को दिए साक्षात्कार में उन्होंने कहा कि विपक्ष वोट बैंक की राजनीति के लिए भारत के संविधान की मूल भावना का उल्लंघन कर रहा है। उन्होंने कहा कि वे अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग को यह बताना चाहते हैं कि विपक्ष उन्हें धोखा दे रहा है। श्री मोदी ने कहा कि वह इस समुदाय के लोगों के अधिकारों की रक्षा के लिए लड़ेंगे।

---बाईट---

देश में अब जो टेंडर होंगे। उस टेंडर में भी वे माइनॉरिटी के लिए आरक्षण करेंगे। मतलब यह हुआ कि आज मान लीजिए कोई कहीं पर बहुत बड़ा महत्वपूर्ण ब्रिज बन रहा है। कौन ब्रिज बनाएगा? उसमें कंपटीशन होती है। कंपटीशन में जो निकलता है उसको टेंडर मिलता है। ये कहते नहीं ये सब बाद में। अब मुझे बताइये अगर इसी प्रकार से सिर्फ धर्म के आधार पर कोटा दे देंगे। वह ब्रिज बनेगा लोग मारे जाएंगे। तो कौन जिम्मेदार होगा क्या वोट बैंक के लिए आप आने वाली पीडियों को भी तबाह करना चाहते हैं।

———————————————————————

पटना लॉ कॉलेज के छात्र हर्ष राज की निर्मम हत्या के विरोध में आज छात्रों ने पटना के कारगिल चौक पर आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के कारण अशोक राजपथ पर यातायात बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। इधर, पटना विश्वविद्यालय कैम्पस में तनाव के मद्देनजर विश्वविद्यालय की सभी परीक्षाएं स्थगित कर दी गयी हैं। साथ ही विश्वविद्यालय के सभी कॉलेजों में अगले आदेश तक छुट्टी घोषित कर दी गयी है। इधर, पटना पुलिस ने पूरे मामले का उद्भेदन करने का दावा किया है। सिटी एसपी पूर्वी भरत सोनी ने बताया कि हत्याकांड का मुख्य सरगना कुख्यात अपराधी चंदन कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है और अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। सिटी एसपी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह पता चला है कि पूर्व में दो पक्षों के बीच हुये विवाद से इस हत्याकांड के तार जुड़ रहे हैं।

———————————————————————

राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने छात्र की हत्या के मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुये दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। उन्होंने पटना विश्वविद्यालय के कुलपति, पटना के जिलाधिकारी और एसएसपी को राजभवन बुलाकर पूरे मामले की जानकारी ली। श्री आर्लेकर ने विश्वविद्यालय और जिला प्रशासन को पूरे यूनिवर्सिटी परिसर और छात्रावासों को असामाजिक तत्वों से मुक्त करने के लिए कठोर कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

———————————————————————

उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने इस हत्याकांड की कड़ी निन्दा की है। श्री सिन्हा ने कहा कि इस मामले में दोषी कोई भी हो बख्शा नहीं जायेगा।

———बाईट———

इधर, राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति बदतर हो गयी है। श्री यादव ने पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है।

———बाईट———

———————————————————————

राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकतर भागों में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार भोजपुर, बक्सर, सारण, सीवान, रोहतास और वैशाली समेत राज्य के विभिन्न जिलों में पारा चालीस डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया। पिछले चौबीस घंटों के दौरान औरंगाबाद राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा, जहां का अधिकतम तापमान छियालीस डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक एस.के. पटेल ने बताया कि राज्य के उत्तर–पश्चिम, दक्षिण–पश्चिम, दक्षिण–मध्य और दक्षिण–पूर्व भागों में दो जून तक गर्मी का प्रकोप जारी रहेगा। इस दौरान सीतामढ़ी, मधुबनी, दरभंगा, बक्सर, औरंगाबाद, पटना, गया और भभुआ समेत विभिन्न स्थानों पर लू चलने की सम्भावना है। कई स्थानों पर रात का तापमान अधिक रहने के कारण गर्म रात्रि की स्थिति बन सकती है।

–––बाईट–––

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण–एनआईए ने गोपालगंज जिले के नगर थाना क्षेत्र से मानव तस्करी के आरोपी युवक प्रह्लाद सिंह को गिरफ्तार किया है। गोपालगंज के पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने युवक की गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुये बताया कि वह फर्जी कागजात के आधार पर लोगों को विदेश भेजने का काम करता था।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

रोहतास जिले के करगहर थाना क्षेत्र अन्तर्गत बरहरी में एक कच्चे घर में आग लग गयी। इस घटना में एक बच्ची की मौत हो गयी, जबकि सात अन्य लोग झुलस गये।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

मुंगेर जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र अन्तर्गत बाटा चौक के पास पुलिस ने छापेमारी कर चार अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

शिवहर जिले की एक स्थानीय अदालत ने एससी–एसटी एक्ट के तहत दोषी को छह माह कारावास की सजा सुनाई है।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

सीतामढ़ी जिले के बैरगनिया थाना क्षेत्र में पुलिस ने हथियार के साथ दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर

01. लोकसभा चुनाव के सातवें चरण के लिए आठ लोकसभा क्षेत्रों में चुनाव प्रचार चरम पर। आरोप–प्रत्यारोप हुआ तेज।

02. भाजपा के वरिष्ठ नेता और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद, जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार ने चुनावी सभाओं को संबोधित किया।

03. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पर आरक्षण के नाम पर वोट बैंक की राजनीति करने का आरोप लगाया।

04. और, पटना लॉ कॉलेज के छात्र हर्ष राज की हत्या को लेकर उग्र प्रदर्शन। पुलिस ने हत्याकांड के मुख्य आरोपी चंदन कुमार को किया गिरफ्तार।

————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।